<u>शीर्ष प्राथमिकता/विधान परिषद प्रश्न</u>

<u>संख्या-12/सी0क्यू0-35(1) /30-2-2013-08(सी0क्यू)/2013</u>

प्रेषक,

कुमार राघवेन्द्र सिंह,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम,
उत्तर प्रदेश।

परिवहन अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक 05 दिसम्बर, 2013

विषय:-विधान परिषद के तृतीय सत्र 2013 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित श्री केदार नाथ सिंह, मा0 सदस्य द्वारा पूछे गये तारां0 प्रश्न संख्या-12 का उत्तरालेख्य उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-सी0क्यू0-35/30-2-2013-08(सी0क्यू0)/2013, दिनांक 02 दिसम्बर, 2013 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विधान परिषद के तृतीय सत्र 2013 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित श्री केदार नाथ सिंह, मा0 सदस्य द्वारा पूछे गये तारां0 प्रश्न संख्या-12 का उत्तरालेख्य अनुपूरक सामग्री सहित शासन को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। उक्त प्रश्न का उत्तरालेख अभी अप्राप्त है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त प्रश्न का उत्तरालेख अनुपूरक सामग्री सहित आज ही उपलब्ध कराने का कष्ट करें। प्रकरण में प्राथमिकता अपेक्षित है।

भवदीय

(कुमार राघवेन्द्र सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in